अ क्रमांक --------

इस प्रश्नपत्र में कुल ६ प्रश्न और कुल २ मुद्रित पृष्ठ हैं ।

11

**DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE - I**

कक्षा - सातवीं

हिंदी (HIGHER)

**1ST PERIODIC TEST 2018 - 19**

निर्धारित समय : १ १/२ घंटे | अधिकतम अंक : ४०

सामान्य निर्देश:

१. **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - क और ख ।**

२. **सभी खंड एवं प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

३. **प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमश: एक साथ लिखिए ।**

४. **उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है ।**

## खंड क

१. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (५×१ = ५)

इस संसार में सबसे अमूल्य वस्तु है - 'समय' । संसार की सभी चीजों को घटाया - बढ़ाया जा सकता है, पर समय को नहीं । समय किसी के अधीन नहीं रहता । न वह रुकता है और न ही वह किसी की प्रतीक्षा करता है । विद्यार्थी जीवन में समय का अत्यधिक महत्त्व है । समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति भावी जीवन में सफल होकर एक श्रेष्ठ नागरिक बनता है । जेम्स वॉट, मैडम क्युरी, आईंस्टीन, एडीसन आदि ने समय के एक क्षण का उपयोग कर संसार को अनेक आविष्कार प्रदान किए । समय का सदुपयोग केवल उद्यमी तथा कर्मठ व्यक्ति कर सकता है, आलसी नहीं । आलस्य ही समय का सबसे बड़ा शत्रु है । विद्यार्थियों को इस शत्रु से सावधान रहकर अच्छे लोगों की संगति में रहना चाहिए । सत्संगति के कारण व्यक्ति अपने अमूल्य समय को व्यर्थ की बातों में नहीं गवाता ।

(क) संसार में सबसे अमूल्य वस्तु क्या है ?

(ख) समय का सबसे बड़ा शत्रु कौन है ?

(ग) सत्संगति का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(घ) समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति क्या बनता है ?

(ङ) विद्यार्थियों को किससे सावधान रहना चाहिए तथा क्या करना चाहिए ?

२. अनुच्छेद लिखिए । (५)

मीठी वाणी का महत्त्व

३. (क) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए । (२)

(i) फुलझड़ी

(ii) जलधारा

(ख) निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों से एक - एक शब्द लिखिए । (२)

(i) द्ध

(ii) द्द

Contd....

12

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार ( ं ) अथवा अनुनासिक ( ँ ) लगाइए ।

(i) श्रृगार

(ii) आसू

(घ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ में आए अंतर को वाक्य - प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए । (२)

(i) गोद

(ii) गोंद

(ङ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द दीजिए । (२)

(i) जिसका मूल्य अधिक हो -

(ii) किए गए उपकार को मानने वाला -

## खंड ख

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए । (१×५=५)

(क) किस महीने में मदरसों की छुट्टी होती है ?

(ख) किसके हाथ में चोट लगी थी ?

(ग) सयाल के पिता का नाम क्या था ?

(घ) अजगर साँप की लम्बाई कितनी थी ?

(ङ) 'उर्दू का शायर' नाटक में कौन बना था ?

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । (१×५=५)

(क) कार्तिक के महीने में क्या - क्या होता है ?

(ख) निर्मला ने अपने गले की माला सयाल को देते हुए क्या कहा ?

(ग) राकेश को गुस्सा क्यों आ रहा था ?

(घ) चैत का महीना कैसा होता है ?

(ङ) राकेश के नाटक का नाम क्या था ?

६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (२×५=१०)

(क) राकेश ने नाटक में स्वयं अभिनय क्यों नहीं किया ?

(ख) साँप द्वारा पकड़े जाने पर निर्मला को क्या लगा ?

(ग) वर्षा ऋतु में क्या - क्या होता है ?

(घ) राकेश ने नाटक किस प्रकार सँभाला ?

(ङ) निर्मला ने स्वयं को बचते देख और सयाल को अजगर का शिकार करते देख क्या सोचा ?

* * *